//नीलामी की शर्तें//

(नीलामी दिनांक–14.10.2026 को समय 03:00 बजे से 05:00 बजे तक)

1. कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर के जिला नजारत परिसर में उक्त मोटर सायकल वाहनों के नीलमी के संबंध में प्रतिभागी दिनांक–14.10.2026 को समय **03:00 बजे से 05:00** बजे के पूर्व 1000/–(एक हजार रूपये) अर्नेस्ट मनी डी.डी. /नगद के रूप में जमा करने के उपरांत नीलामी कार्यवाही में सहभागिता कर सकेंगे। अभ्यर्थी द्वारा उच्चतम बोली पर क्रय की गई मोटर सायकल की राशि में से उक्त अर्नेस्ट मनी 1000/–(एक हजार रूपये) समायोजित की जावेगी, शेष बोलीकर्ता को उक्त राशि का डी.डी./नगद मालखाना अनुभाग द्वारा वापस किया जावेगा।
2. मोटर सायकल वाहनों के नीलमी कार्यवाही में इस स्थापना का कोई भी कर्मचारी प्रतिभागी स्वरूप भाग नहीं ले सकेंगे।
3. मोटर सायकल नीलामी योग्य मोटर सायकल जिला न्यायालय अम्बिकापुर में कार्यालय समय में नीलामी दिनांक के पूर्व देखी जा सकती है।
4. उच्चतम बोली प्राप्त होने पर बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नीविदा स्वीकृत करने वाले अधिकारी के पास पूर्णतः सुरक्षित है।
5. नीलामी स्वीकार करने पर क्रेता को बोली दिनांक को ही सम्पूर्ण क्रय राशि जमा करते हुए मोटर सायकल को उठाना होगा अन्यथा अग्रिम राशि के रूप में जमा राशि राजसात की जावेगी।
6. मोटर सायकल वाहनों की नीलामी पृथक–पृथक की जावेगी।
7. बोलीकर्ता व्यक्ति को अधिकृत पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड साथ में लाना अनिवार्य है।
8. अधिकतम राशि की बोली सक्षम अधिकारी द्वारा मान्य किये जाने पर ही अंतिम होगी।
9. किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय देने का अधिकार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा (अम्बिकापुर) छ.ग. के पास सुरक्षित रहेगा एवं न्याय क्षेत्र सिविल न्यायालय सरगुजा (अम्बिकापुर) होगा।

8/10/26

प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग
जिलाा न्यायालय अम्बिकापुर (सरगुजा) छ.ग.

पृ0क0 /मालखाना/नीलामी/ 2026 अम्बिकापुर दिनांक– 07/10/2026

प्रतिलिपि :–

नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु :–

1. कलेक्टर कार्यालय, अम्बिकापुर (सरगुजा), नोटिस बोर्ड
2. पुलिस अधीक्षक, अम्बिकापुर (सरगुजा), नोटिस बोर्ड
3. लोक निर्माण विभाग, अम्बिकापुर (सरगुजा), नोटिस बोर्ड
4. नगरपालिका कार्यालय, अम्बिकापुर (सरगुजा), नोटिस बोर्ड
5. जिला चिकित्सालय, अम्बिकापुर (सरगुजा), नोटिस बोर्ड
6. जिला न्यायालय, अम्बिकापुर (सरगुजा), नोटिस बोर्ड
7. जनपद कार्यालय, अम्बिकापुर (सरगुजा), नोटिस बोर्ड
8. बस स्टैण्ड, अम्बिकापुर (सरगुजा), नोटिस बोर्ड
9. सतरस्ता चौराहा, अम्बिकापुर (सरगुजा), नोटिस बोर्ड
10. सहायक प्रोग्रामर की ओर जिला न्यायालय अम्बिकापुर (सरगुजा) की वेबसाईट पर अपलोड़ किये जाने हेतु।
11. जनसंपर्क अधिकारी अम्बिकापुर (सरगुजा) की ओर प्रचलित समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ हेतु।

जिला नाजिर अम्बिकापुर (सरगुजा) की ओर सूचनार्थ एवं उपरोक्त कार्यालयों के नोटिस बोर्ड/सहज दृश्य स्थान पर सामग्री की नीलामी से संबंधित विज्ञप्ति अविलंब चस्पा करवायें।

प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग
जिलाा न्यायालय अम्बिकापुर (सरगुजा) छ.ग.

मालखाना अनुभाग में जप्तशुदा जमा मोटर सायकलों की सूची :–

क्र.	प्रॉपर्टी न.	वाहन / चेचिस क्र.	वास्तविक मूल्य	रिमार्क
1	426/1995	1112005489	2700/-	
2	623/2003	CG15CF0999	3500/-	
3	214/2006	CG15C4220	3500/-	
4	275/2000	MP27Y0570	2500/-	
5	72/1996	WB 40-6504	2500/-	
		इंजन न EB310505	2000/-	
		BR1E 8204	2500/-	
		पेंथर हिरोमेजेस्टिक	1000/-	इंजन नहीं है मात्र चेचिस है।
6	प्रॉपर्टी नम्बर नहीं है	लुना मोपेड	1000/-	इंजन नहीं है मात्र चेचिस है।
7	263/2001	MP 27 C 1533	1500/-	

8/10/26

प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग
जिलाा न्यायालय अम्बिकापुर (सरगुजा) छ.ग.